तापमान

अधिकतम 22 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 115 चालकों का नेत्र परीक्षण




## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा माह में वृहद रक्तदान शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला पुलिस मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 15 जनवरी को 220 बिस्तर सिविल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ तथा 21 जनवरी को जिला चिकित्सालय चिरमिरी में आयोजित होगा। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दें। सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप निश्चित उपहार प्रदान किया जाएगा।

### धान विक्रय के लिए 12 को स्लॉट बुकिंग

**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने जानकारी दी है कि शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कृषक द्वारा उपज विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग 12 एवं 13 जनवरी को भी की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए धान उपार्जन सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार उपार्जन अवधि तक किया जाएगा।

### लंबे समय से अनुपस्थित कर्मियों को नोटिस

**अनूपपुर।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अनूपपुर द्वारा जिले के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती देवती गौड़ आंगनबाड़ी केन्द्र लमना टोला माह जुलाई 2025 से निरंतर एवं सहायिका श्रीमती इतवारिया आंगनबाड़ी केन्द्र डूमरकछार 2023 से निरंतर अनियमित उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### धमतरी में 10 से 24 तक थल सेना भर्ती रैली

**बैकुण्ठपुर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धमतरी अबिनाश मिश्रा ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। कोरिया जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने जानकारी दी है कि इस भर्ती रैली के लिए मई-जून 2025 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी, जिसमें उत्तीर्ण युवाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं अब निर्धारित तिथियों में कराई जाएंगी।

### सुरक्षा पखवाड़ा का समापन 18 को

**चरचा कॉलरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइन स्थित श्रमवीर स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम खान सुरक्षा निदेशालय, रायपुर/जबलपुर, एसईसीएल तथा अन्य कोयला संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न होगा। समारोह का उद्देश्य कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों एवं अधिकारियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता, सुरक्षित कार्य संस्कृति और दुर्घटना रहित कार्यस्थल को बढ़ावा देना है। समारोह में खान सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधन, श्रमिक प्रतिनिधि, क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति एवं कल्याण समिति के सदस्यगण सहित काफी संख्या में अतिथियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। इस अवसर पर सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों एवं इकाइयों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया जाएगा।

## सीएमओ बोले- नए सिरे से कराए जाएंगे काम

# गौरव पथ जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा का गौरव पथ रोड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। विकास और सुगम यातायात का प्रतीक माने जाने वाले इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब यह आमजन के लिए सुविधा नहीं, बल्कि खतरा बन गया है।

सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उखड़ी, गिट्टियां और टूटे हिस्से साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग रोजाना स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन फिसलने, वाहन खराब होने और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। खासकर दुपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ जैसी महत्वपूर्ण सड़क का इस तरह जर्जर होना नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सड़क की सतह उखड़ चुकी है, जगह-जगह पैचवर्क भी अधूरा और अस्थायी



नजर आ रहा है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। बारिश के मौसम में यहां हालात और भी भयावह हो सकते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक स्थायी मरम्मत या पुनः निर्माण नहीं किया गया। लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और मांग की जा रही है कि नगर पालिका इस ओर तत्काल ध्यान दे। नगरवासियों ने नगर पालिका शिवपुर-चरचा एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि गौरव पथ रोड की शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को राहत मिल सके। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बार गौरव पथ रोड के निर्माण एवं मरम्मत कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी टीम द्वारा नियमित निगरानी की जाएगी तथा मानकों के अनुरूप कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ठेकेदार की लापरवाही पर हुई कार्रवाई

नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि गौरव पथ रोड की वर्तमान स्थिति को नगर पालिका ने गंभीरता से लिया है। सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों का तकनीकी निरीक्षण कराया जा चुका है तथा मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर टेंडर भी पारित किया गया था, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। इस पर नगर पालिका ने सख्त रूख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार का कायार्देश निरस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द पुनः टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सड़क को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सके। नगर पालिका के इस आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों को जल्द सुधार कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। अब नागरिकों की नजर इस बात पर टिकी है कि पुनः टेंडर के बाद कार्य कब धरातल पर उतरता है, जिससे गौरव पथ वास्तव में अपने नाम के अनुरूप बन सके।

# अवैध खनिज परिवहन करते 8 वाहन जब्त



**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध खनिज विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। नवपदस्थ जिला खनिज अधिकारी इंद्रलाल के पदभार ग्रहण करने के बाद अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध धड़पकड़ अभियान शुरू कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा तहसील पटना एवं बैकुंठपुर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कुल 8 वाहनों को जब्त किया गया। गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से गौण खनिज रेत एवं ईंट का परिवहन करते हुए पाया गया। कार्रवाई उपरांत सभी जब्त वाहनों को थाना पटना एवं थाना चरचा में अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए एसीई, सोल्ड ट्रैक्टर वाहन मालिक सतीश यादव, सोनालिका ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक जयप्रकाश साहू, आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक इमरान अहमद, महिन्द्रा ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक अवधेश, सोनालिका ट्रैक्टर बिना नंबर, वाहन मालिक जगतपाल, सोल्ड सोनालिका ट्रैक्टर वाहन मालिक सत्यनारायण, आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक संतोष साहू, सोनालिका ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक देवीदयाल है। इन वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी इंद्रलाल ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# कांग्रेस जिला सचिव रामा ने दिया इस्तीफा

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई जब जिला सचिव रामा यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव को भेजे इस्तीफे में रामा यादव ने संगठन के भीतर पक्षपात, चाटुकारिता और पार्टी विरोधी तत्वों को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

- **इस्तीफे में रामा ने संगठन के भीतर पक्षपात, चाटुकारिता और पार्टी विरोधी तत्वों को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए**

श्री यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वे वर्ष 2002 से छात्र राजनीति के माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व के सहयोग से उन्होंने पार्टी और जनसेवा के लिए लगातार कार्य किया और वर्ष 2009 में सबसे कम उम्र में नगर पंचायत चुनाव लड़ने का अवसर प्राप्त किया। उन्होंने कांकेर, जगदलपुर कोटा, चिरमिरी पद यात्राओं के साथ-साथ ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा में 280 किमी की पदयात्रा कर सक्रिय भूमिका निभाई। पार्टी आंदोलनों के दौरान एक माह जेल में रहने का भी उल्लेख उन्होंने किया। इस्तीफे में यादव ने लिखा है कि इतने वर्षों के संघर्ष के बावजूद उन पर कभी कोई आरोप नहीं लगा और उन्होंने हमेशा गुटबाजी से दूर रहकर संगठन को एकजुट रखने का प्रयास किया। यही कारण रहा कि नगरीय निकाय चुनाव में पुराने साथियों ने एकजुट होकर उनका साथ दिया, लेकिन अब कुछ लोग पार्टी की एकता तोड़ने और खुलेआम पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं, जिन्हें कथित तौर पर बड़े नेताओं का संरक्षण मिल रहा है।



### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ग्राम साल्ही स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें नोनी सुरक्षा योजना, महतारी जतन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, सक्षम योजना, बाल गृह एवं बालिका गृह से जुड़ी सुविधाएं शामिल रहीं। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, तथा जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति की भूमिका और कार्यप्रणाली की जानकारी भी विस्तारपूर्वक दी गई।

# नाली निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर के समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा प्रेम लॉज नाली का भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न किया गया। यह कार्य क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान एवं स्वच्छ, सुव्यवस्थित नगर निर्माण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। प्रेम लॉज क्षेत्र की नाली लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही थी। इस निर्माण कार्य से न केवल समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव की उपस्थिति रही। वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती कृतिका रवि जैन सहित समस्त पार्षदगण अनिल प्रजापति, दयाशंकर यादव, स्वप्निल सिन्हा, सुनयना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, शाहिद भैया, ओमप्रकाश जायसवाल, इमरान खान, जमील शाह, किरण कुजूर, गिरधर जायसवाल, माया सोनकर, सापन महतो ने इस विकास कार्य के लिए नगरवासियों को बधाई दी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के इंजीनियर ईआर विकास कुमार मिश्रा एवं अजय पैकरा उपस्थित रहे। जिन्होंने निर्माण की तकनीकी जानकारी साझा की और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य का आश्वासन दिया। इस शुभ अवसर पर अशोक डब्बू, रवि जैन, राहुल शर्मा, टिंगू सोनी सहित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।



# जीरामजी जनजागरण अभियान के लिए जिला एवं मंडल टोली घोषित

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी छग के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार वीबीजी रामजी जनजागरण अभियान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा जिला स्तरीय टोली एवं मंडल स्तरीय टोली की घोषणा किया गया है।



जिला स्तरीय टोली में जिला संयोजक कपिल जायसवाल, सह संयोजक ईश्वर राजवाड़े, तीरथ राजवाडे, जगनारायण साहू को बनाया गया है। इसी कड़ी में मंडल स्तरीय टोली के लिए बैकुंठपुर मंडल में संयोजक रमन गुप्ता, सदस्य रवि त्रिपाठी, संतोष राजवाड़े, हरिओम साहू, चरचा मंडल में संयोजक अमित कुमार, सदस्य कुंडल साय, संजय देवांगन, राजपाल, हसलाल कुर्रे सलका मंडल में संयोजक हसलाल कुर्रे, सदस्य रामाशंकर सिंह, रामसुंदर राजवाडे, शिव प्रसाद, कुड़ेली मंडल में संयोजक संतोष साहू, सदस्य अनिल साहू, बसंत सिंह, जगदीश जायसवाल, पटना मंडल में संयोजक सचिदानंद द्विवेदी, सदस्य सुनील सिंह, संतोष सिंह, सूरज राजवाड़े, बचरापोड़ी मंडल में संयोजक रामप्रताप साहू, सदस्य श्यामनारायण जायसवाल, राम कुमार यादव, लक्ष्मी यादव एवं सोनहत महल में संयोजक सुरेश राजवाड़े, सदस्य सुरेश तिवारी, अनिल जायसवाल, राजेश साहू को बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने ⏭ शेष पेज 4 पर

### रेडक्रॉस सोसायटी के नए कार्यालय का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** मानवता की सेवा और समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसायटी ने मनेन्द्रगढ़ जिले में अपने नए कार्यालय की शुरूआत कर एक नया अध्याय जोड़ा है। जिले के 220 बिस्तर अस्पताल परिसर में स्थापित इस कार्यालय का उद्घाटन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा फीता काटकर एवं हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप से किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे तथा जिले में सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन शैलेश जैन ने बताया कि मनेन्द्रगढ़ नया जिला होने के कारण अब तक सोसायटी के पास कोई स्थायी कार्यालय नहीं था। नए कार्यालय के शुभारंभ से अब संगठन अपनी सेवाओं को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचा सकेगा। उन्होंने कहा कि स्थायी कार्यालय के माध्यम से अब हमारी गतिविधियों में निरंतरता आएगी।

# लाखों खर्च के बाद भी सार्वजनिक शौचालय में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

**क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं**

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में लाखों रूपए खर्च कर निर्मित सार्वजनिक शौचालय भवन में निर्माण होने के बाद से ताला लटका है, तो उसे खोलने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं इससे सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरबसपुर में तीन-चार वर्ष पूर्व लाखों की लागत से बाजारपारा में सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया। शौचालय भवन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद से उस पर ताला लगाया तो वह ताला आज तक शौचालय भवन के ग्रिल में लटक ही रहा है। सुविधा का लाभ दिलाने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधि की उदासीनता के कारण ही सामुदायिक शौचालय का ताला अब तक कई वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं खुल पाया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम बरबसपुर क्षेत्र का बड़ा बाजार स्थल है, जहां काफी संख्या में लोग प्रतिदिन दैनिक जरूरतों के लिए पहुंचते हैं, इसके अलावा बाजार दिवस भी काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोग पहुंचते हैं, जिन्हें लाखों की लागत से निर्मित शौचालय सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को चाहिए कि जनहित के इस मामले पर गंभीरता से विचार कर तत्काल शौचालय में बंद ताले को खुलवाने की दिशा में ध्यान दे।



बंद सार्वजनिक शौचालय।

कई पंचायतों में ऐसा ही हाल- कोरिया जिले के पंचायत क्षेत्रों में लाखों रूपए खर्च कर सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कराया गया है, लेकिन ज्यादातर जगहों पर निर्मित सामुदायिक शौचालय भवन में ताला लटका रहता है, वहीं साथ में बने दुकान को भी जरूरतमंदों को आवंटित नहीं किया गया है, इसके कारण लाखों खर्च कर निर्मित सामुदायिक शौचालय सह दुकान किसी काम के नहीं केवल पंचायत क्षेत्र में शो पीस बने हुए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ही लाखों का सामुदायिक शौचालय सह दुकान पंचायत क्षेत्रों में बंद पड़े हैं।

## टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

# मोबाइल से ऑनलाइन हाजिरी पर शिक्षकों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मोबाइल एप से शिक्षकों की उपस्थिति लेने के आदेश से उत्पन्न स्थिति को लेकर छग टीचर्स एसोसिएशन के कोरिया जिला पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया विनोद राय को सौंपा।

छग टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेने के लिए सीजी व्हीएसके से शिक्षकों की उपस्थिति लेना व्यवहारिक नहीं है। इससे शिक्षकों के निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। इस पर छग टीचर्स एसोसिएशन ने निजी मोबाइल से उपस्थिति लेने के आदेश पर आपत्ति जताई। एसोसिएशन के पदाशिकारियों का कहना है कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है तो विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन एवं स्थाई इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसोसिएशन का मानना है कि शिक्षक किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं लेकिन बिना वित्तीय सुरक्षा और बिना विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार नहीं।



डीईओ को ज्ञापन सौंपते टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी

एसोसिएशन की मांग है कि प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए व शासकीय कार्यो के लिए प्रत्येक विद्यालय को एक लेपटॉप प्रदान किया जाए। इस अवसर पर छग टीचर्स एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

⏭ शेष पेज 4 पर

### निजी मोबाइल से हाजिरी ऐप का विरोध

**सोनहत।** निजी मोबाइल फोन से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था (हाजिरी ऐप) के विरोध में छग सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरिया द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विश्वास भगत, सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश मारिक, कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र राजवाड़े, उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, विनोद मिश्रा, बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश एक्का, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिंह, परम सिंह सहित दोनों विकासखंडों के काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने निजी मोबाइल से हाजिरी ऐप के उपयोग में आ रही विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए इसका शीघ्र निराकरण करने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि निजी संसाधनों पर कार्य का अतिरिक्त बोझ डाला जाना उचित नहीं है।

### जिले में आधार सेवाओं में तेजी

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के प्रतिनिधि सौरभ रामटेक तथा सरगुजा संभाग समन्वयक (आधार एवं चिप्स रायपुर) रूबल पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, विनायक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी शामिल हुए। जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में हैदराबाद से आए यूआईडीएआई प्रतिनिधि सौरभ रामटेक ने जानकारी दी कि सरगुजा संभाग में यह आधार निगरानी समिति की पहली बैठक है। बैठक के दौरान जिले में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की प्रगति, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा आम नागरिकों को आधार सेवाएं और अधिक सुगम, सरल एवं सुलभ बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने कहा कि आधार आज लगभग सभी शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, बैंकिंग, पेंशन, शिक्षा एवं पहचान से जुड़ी एक अनिवार्य कड़ी बन चुका है, इसलिए जिले में किसी भी नागरिक को आधार के अभाव में किसी भी सुविधा से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने किया को पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण

**बिश्रामपुर।** छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने,झिझक दूर करने तथा पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराने के उद्देश्य से बिश्रामपुर कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने गुरुवार को बिश्रामपुर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कन्या हाई स्कूल की दो दर्जन से अधिक छात्राएं शिक्षकों के साथ थाना परिसर पहुंचीं,थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रकाश राठौर एवं एएसआई अविनाश सिंह ने छात्राओं को पुलिस के कार्य,अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया एवं बेसिक पुलिसिंग की विस्तृत जानकारी दी,छात्राओं ने विवेचक कक्ष,मालखाना, हवालात,शस्त्रागार सहित पूरे थाना परिसर का अवलोकन किया,जहां पुलिस कर्मियों ने प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी सरल भाषा में समझाई गई। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं,जिनका संतोषजनक उत्तर उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा दिया गया, वहीं वालेंटियर कांति सिंह ने छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी,साथ ही शासन स्तर पर संचालित जागृति अभियान,डॉन अभियान,बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए गुड टच–बैड टच विषय पर भी जागरूक किया गया,पुलिस द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों,साइबर ठगी से बचाव,अनजान कॉल रिसीव न करने,बिना कारण किसी लिंक को न खोलने तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की समझाइश भी दी गई,इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाएं व्याख्याता श्रीमती रेखा लाल,शोभना रंजीत, प्रीति टोप्पो सहित प्रधान आरक्षक जोशी टोप्पो, निर्मल सिंह,दरश देवांगन,अखिलेश्वर पांडेय,योगेश एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा,भ्रमण के अंत में पुलिस कर्मियों एवं छात्राओं ने यादगार पलों के लिए सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

### विजन समाज सेवी संस्था द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** विजन समाज सेवी संस्था द्वारा लगातार शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्रशिक्षण केंद्रों, एवं छात्रावास में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं विधिक अधिकारों की जागृति हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विगत दिनों रजपुरी कला बालिका कस्तूरबा आवासीय विद्यालय एवं दशमेश पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष दास ने कहा कि युवाओं और बच्चों की लगातार हो रही आत्महत्याओं की अनदेखी ने अभिभावकों को एक अंधे डर और चिंता में धकेल दिया है। समाजसेविका एवं अधिवक्ता शिल्पा पाण्डेय कहा कि अभी तक दो महीनों में सरगुजा में पंद्रह से अधिक कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम किए जा चुके हैं जिसमें लगभग बीस हजार विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। बालिकाएं छोटी-छोटी पन्नों में अपनी समस्या बता रही हैं ताकि उनका नाम गोपनीय रखा जा सके। महिला थाना प्रभारी सुनीता भारद्वाज ने पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति, मोबाइल के दुरुपयोग एवं साइबर अपराध के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रावास अधीक्षक अनुराधा सिंह द्वारा छात्रावास में होने वाले मानसिक संवर्धन गतिविधियों से सभी को अवगत कराया।

### ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** फाइनेंस कराए ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धनगांव निवासी तनमय साना आ. मंगल साना (29 वर्ष) 6 जनवरी को फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने युवक को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता मंगल सना ने पुलिस को बताया है कि दो साल पहले उसके नाम से ट्रैक्टर फाइनेंस हुआ था, जिसका पहला किस्त 1 लाख 50 हजार रुपये उन्होंने पटा दिया था। इसके बाद उनका लड़का तनमय ही ट्रेक्टर चलवा रहा था। 6 जनवरी की शाम करीब 6-7 बजे फाइनेंस कंपनी से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि दूसरा किस्त 80 हजार रुपये है। इसकी जानकारी वह अपने पुत्र तनमय को देते हुए कहा कि ट्रेक्टर से तुम काम करा रहे हो, इसका किस्त पटा दो। इसके बाद तनमय मोबाइल फोन से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से कुछ बात किया और 7.30 बजे के लगभग कीटनाशक पी लिया। जिसके बाद वह घर के सामने उल्टी करने लगा। कीटनाशक का गंध आने पर उसे बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने देर रात उसे रेफर कर दिया था। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एनएच पर नहीं थम रही सड़क दुर्घटना

# ट्रक की चपेट में आने से गई युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। नवम्बर माह से अब तक कभी एनएच 43 पर तो कभी एनएच 130 पर सड़क दुर्घटनाएं होती रही और पिछले दो माह के भीतर ही एनएच पर सड़क दुर्घटना होने से एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। बीती रात भी एनएच 43 लाल माटी चेन्द्रा के समीप मिनी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई जबकि एक दिन पूर्व ही 130 पर पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल ग्रामीण की मौत हो गई थी।

**खास बात**

- दो माह के भीतर हुई आधा दर्जन अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 चेन्द्रा लाल माटी के समीप बीती रात लगभग 8 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम दोरना निवासी संतोष नगेसिया आ. घूरन नगेसिया (37 वर्ष) बुधवार को बाइक से शहर के गंगापुर निवासी परिचित के यहां दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही एनएच 43 चेन्द्रा लालमाटी के समीप पहुंचा तभी मिनी ट्रक से टक्कर हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में युवक मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपात कालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### दो माह के भीतर ही एक दर्जन अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। लुचकी घाट से लेकर कुनकुरी के बीच अब तक कई सड़क हादसा हो चुके है जिसमें कई लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी है। इसी तरह एनएच 130 पर हालही में कई सड़क दुर्घटना हुई जिसमें वाहन सवार के साथ पैदल जा रहे लोगों की दुर्घटना से मौत हो चुकी है।



घटना स्थल पर घायल बाइक सवार।

### स्ट्रीट लाइट बना शो पीस

एनएच पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस लेकर सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई है। हैरानी की बात तो यह है कि विद्युत पोल व लाइट लगाए कई माह हो चुके है परंतु आज तक लाइट से सड़क रोशन नहीं हो सकी। एनएच पर हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती। एनएच 43 पर रघुनाथपुर से लेकर कुनकुरी तक सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है लेकिन आज तक लाइट से एनएच रौशन नहीं हो सकी। इस प्रकार की स्थिति एनएच 130 की भी है जहां डांडगांव सहित अन्य जगह पर एनएच किनारे विद्युत पोल व लाइट लगाए गए है लेकिन लाइट चालू नहीं होने से शाम ढलते ही एनएच अंधेरा में डूब जाता है। ऐसे में अंधेरा होने के कारण अधिकांश सड़क हादसे होते है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार दौरान मौत

घर के आंगन में गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी शिवनाथ एक्का (60 वर्ष) 5 जनवरी को रिश्तेदार ग्राम देवनगर निवासी के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने आया था। दूसरे दिन सुबह घर जाने की तैयारी कर रहा था तभी आंगन में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की गई।

छेरता के दिन कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत घोड़ापारा निवासी रतनपुरहीन पति पलस राम (51 वर्ष) 3 जनवरी छेरता के दिन त्यौहार के उपलक्ष्य में पति पत्नी दोनों शराब पीए और रात में भोजन कर सो गए। इसी बीच देर रात महिला उठी और अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। सुबह घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पवनपुर बिझियापारा निवासी हीरा धन सोरी आ. अमर साय (32 वर्ष) छेरता के दिन घर में शराब पी रहा था जबकि पत्नी देवमती बकरी चराने गई थी। शाम को पत्नी वापस लौटी तो देखी पति उल्टी कर रहा है और कीटनाशक का गंध आने पर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पॉकिटमार हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा के तमाम व्यवस्था किए जाने के बावजूद अस्पताल में चोरी व पॉकेटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रात के समय जहां अस्पताल में चोर महंगे सामान व मोबाइल के फिराक में सक्रिय रहते है वहीं दिन के समय भीड़ का फायदा उठाते हुए पॉकेटमार सक्रिय हो जाते है। आज सुबह भी ओपीडी में आभा एप से पर्ची के लिए टोकन कटवाने दौरान ही मरीज लेकर आए एक परिजन के जेब से चोरों ने पांच हजार रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने घटना की शिकायत अस्पताल पुलिसकर्मियों से की है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने के साथ जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- एक और मरीज के परिजन बन शिकार, जांच में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार मैनपाट निवासी सर्वेश्वर यादव आज सुबह रिश्तेदार बुजूर्ग दिलराम को जांच व उपचार कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आया था। चिकित्सकों को मरीज को दिखा सके इसके लिए ओपीडी में आभा एप के माध्यम से पर्ची के लिए टोकन कटवा रहा था। सुबह मरीजों के परिजन की काफी भीड़ थी। इसी बीच चोरों ने सर्वेश्वर यादव के जेब में रखे नगद 5 हजार रुपए को निकाल कर पार कर दिया। पॉकेटमारी की जानकारी उस समय लगी जब वह जेब में रखे रुपए को निकालने लगा तो पता चला की रबर से बांधे रुपए गायब थे। पॉकिटमार का शिकार हुए सर्वेश्वर ने तत्काल घटना की शिकायत अस्पताल पुलिस कर्मियों से की व बताया कि उसके जेब में रखे नगद 5 हजार रुपए चोरी हो गए है। शिकायत पर पुलिस ने जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा वार्ड के गलियारों में सीसी टीव्ही कैमरा लगाए गए है और किसी प्रकार की आपराधिक घटना के अलावा रात में चोरी व दिन में पॉकेटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था होने के बावजूद चोर इस कदर शातिर है कि पुलिस व सुरक्षा कर्मियों के आंख में धूल झोंक बड़ी आसानी से महंगे मोबाइल व सामानों की रैकी कर मौका देख पार कर देते है खास कर मोबाइल। अस्पताल से मरीज व परिजन के कई दर्जन मोबाइल वार्ड से पार हो चुकी है लेकिन आज तक चोरी करने वाले एक भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सका है।



## धर्म, संस्कृति को बचाए रखने के लिए माता राजमोहिनी के मार्ग पर चलना होगा : कौशल्या देवी

**प्रतापपुर।** पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जनजाति गौरव समाज प्रदेश महामंत्री राम लखन सिंह पैकरा के आतिथ्य में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्रीमती साय ने कहा कि जनजाति रीति-रिवाज, परंपरा, धर्म व संस्कृति को बचाए रखने एवं सामाजिक बुराइयों को लेकर माताजी ने जो आंदोलन शुरू किया उसे पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने सभी को मिलकर हिंदू समाज को मजबूत और संगठित करने का आह्वान किया और कहा कि विदेशी धर्म संस्कृति से बचना अत्यंत आवश्यक है। लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन करने का जो षड्यंत्र चल रहा है उससे पूरे समाज को सावधान रहना है। अकाल के समय माताजी ने पूरे समाज में समरसता का संदेश दिया। आज सरकार और समाज आपके साथ है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति लालच देकर धर्म परिवर्तन कराता है तो हम सबकी जिम्मेदारी है कि समाज को बचाने के लिए लोग आगे आयें। क्षेत्रीय विधायक शकुंतला पोर्ते ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी के बताए मार्ग पर चलते हुए सभी लोगों को साथ जोड़कर अपने संगठन की ताकत बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह का आयोजन करते रहना चाहिए। आश्रम की संरक्षिका श्रीमती राम बाई ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम, हंसराज सिंह मरकाम, दिनेश सिंह, रघुवीर भगत, श्रीमती शशिकला भगत, श्रीमती मनीषा पैकरा, बसंत बावली, पूरन सिंह मरकाम, राम अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## राज्य दिव्यांगजन विकास निगम के अध्यक्ष व डायरेक्टर ने ज्ञानोदय मूकबधिर विद्यालय का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया का आगमन ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय में हुआ,उनके साथ हरेन्द्र पटेल डायरेक्टर दिव्यांगजन वित्त विकास निगम भी उपस्थित रहे,उनकी अगवानी संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने की, लोकेश कावड़िया को सर्वप्रथम विद्यालय का अवलोकन कराया गया।

- कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किये दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई हस्तशिल्प सामग्री की हुई प्रशंसा

कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किए विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय परिसर में अपने अतिरिक्त पीरियड में हस्तशिल्प सामग्री का निर्माण किया जा रहा है। लोकेश कावड़िया को विद्यालय के बच्चों के द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामाग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके सामाग्रियों की प्रशंसा की,छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय के बच्चे दिव्यांगजन कौशल विकास शिविर बीकानेर एवं रायपुर में भाग लेकर स्किल्ड हो रहे हैं और आत्मनिर्भर होने की स्थिति में आ रहे हैं,दिव्यांगजन कौशल विकास शिविरों के आयोजन के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे है, लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि जो भी दिव्यांग व्यक्ति स्वरोजगार के लिए ऋण लेना चाहते हैं,वे आवेदन कर सकते हैं,उन्हें 50 लाख रुपए तक का ऋण स्वीकृत किया जा सकता है,अगर उस कार्य के लिए वे प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है तो उन्हे प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा,संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने विद्यालय की स्थापना भावी एवं संचालित गतिविधियों से लोकेश कावड़िया जी को अवगत कराया,उन्होंने बताया कि बीकानेर राजस्थान एवं रायपुर से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के बच्चे सिलाई, कढ़ाई, नेल आर्ट, गजरा मेकिंग, लिप्पन आर्ट, वॉल पुट्टी आर्ट, हर्बल लिप बाम, साबुन, पेन बाम, एलोवेरा बेस साबुन, कैंडल मेकिंग जैसी विधाओं का उपयोग कर आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं।



छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के तहत स्वरोजगार हेतु इच्छुक विद्यालय के 12 वीं पास विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को एक सेमिनार में बुलाकर योजनाओं से अवगत कराने और उसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के अलावा सिद्धार्थ तिवारी,तुलेश्वर प्रताप सिंह जायसवाल,रक्षा अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

## विधायक उद्धेश्वरी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, एसआईआर पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के मुख्य आतिथ्य में कुसमी विकासखंड के मंडल चांदो , नावाडीह एवं करचा में बैठक आयोजित की गई। चांदो मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता बीएलए 2, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी की उपस्थिति में बैठक हुई।



बैठक में एसआईआर संबंधित सभी बातों को विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही पात्र व्यक्तियों का नाम जुड़वाने एवं अपात्र व्यक्तियों का नाम कटवाने की सलाह दी गई, जिससे आगामी होने वाले सभी चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सके। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य की विष्णु देव साय की सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ता को कही गई, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सुदूर अंचल तक के लोगों तक पहुंच सके।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, चांदो मंडल प्रभारी अजय गुप्ता, चांदो मंडल अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता , बंशीधर गुप्ता, अर्जुन यादव, भोला यादव, मंडल महामंत्री सतीश भगत, अभिषेक गुप्ता, जनार्दन राम, विवेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, मेनू महतो सहित बीएलए 2 बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनडीपीएस के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

विशेष न्यायाधीश ने एनडीपीएस एक्ट मामले में नशे के कारोबारी आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास व 1 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।


चौकी बसदेई पुलिस ने 27 जनवरी 25 को मुखबीर की सूचना पर ग्राम डबरीपारा तालाब के पास मेन रोड़ पर ग्राम जूर निवासी अमजद अली अंसारी आ. शेख हामीद अंसारी (30 वर्ष) को उसकी कार क्रमांक सीजी 16 सीजी 9664 से 49 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा था। मामले में पुलिस ने नशीली इंजेक्शन जब्त कर उसके विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एसआई सकलू राम भगत द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथन, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी अमजद अली अंसारी को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।




## दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए छात्रा शिल्पी का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की होनहार छात्रा कुमारी शिल्पी विश्वकर्मा ने दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। सरगुजा से चयनित होने वाली एकमात्र छात्र है। राष्ट्रीय युवा उत्सव में देश के 28 प्रदेशों के चुने हुए प्रतिभागी भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। . राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के दिल्ली रवाना होने के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री निवास में सेंड ऑफ़ सेरेमनी का आयोजन कर उन्हें दिल्ली रवाना किया गया। गौरतलब है कि 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रतिभागियों का लीडरशिप असेसमेंट किया गया. जिसमें पांच विषयों में तीन तीन एवं पांच विषयों में 6 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय युथ उत्सव में भाग लेने हेतु चयनित किया गया है। गांधीनगर निवासी छात्रा कुमारी शिल्पी विश्वकर्मा पुत्री अमित विश्वकर्मा ने बताया कि चयन के प्रारंभिक चरण में उन्होंने दक्षिण भारत में मंदिरों की स्थापत्य शैली विषय पर अपना निबंध ऑनलाइन भेजा था. इसके बाद उन्हें रायपुर बुलाया गया था। रायपुर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है जिसमे प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विषय पर बोलने का अवसर मिलेगा।





## पुलिस ने वर्षों से फरार 7 स्थाई व 4 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा

**सूरजपुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को स्थाई-गिरफ्तारी वारंट तामील प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज के मामले में वर्षों से फरार स्थाई वारंटी दीपक उर्फ बादशाह बजरंगी सिंह, बाजीलाल, प्रेमसाय व सूरज प्रसाद तथा गिरफ्तारी वारंटी जारूल खान, घरभरन काशी, नंदकुमार कुशवाहा, रामकुमार पैंकरा को दबिश देकर पकड़ा है। थाना भटगांव पुलिस ने चोरी व जुआ एक्ट के मामले में फरार स्थाई वारंटी हीरामन राजवाड़े ग्राम अनरोखा व शमीम उर्फ सोनू खान ग्राम अधिना को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया है।

## छह माह से बंद पड़ी बलरामपुर खदान को शुरू कराने एचएमएस का धरना प्रदर्शन आज

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की बलरामपुर खदान को प्रबंधन द्वारा कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठन कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) बिश्रामपुर ने खदान को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर आज 9 जनवरी से महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा की है।

- सुनवाई नहीं होने पर 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल करेगा एचएमएस संगठन

एचएमएस के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यदि धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया,तो संगठन द्वारा 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल तथा 23 जनवरी से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर खदान को घाटे में चलने तथा सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) के नवीनीकरण नहीं होने का हवाला देकर पिछले करीब छह माह से बंद रखा गया है,जबकि उक्त खदान में लगभग 30 लाख टन कोयले का भंडार मौजूद है,उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने जानबूझकर खदान को डूबने की स्थिति में छोड़ दिया है,खदान बंद होने से कुमदा क्षेत्र की दोनों खदानों से जुड़े करीब 500 से अधिक कामगारों पर अन्यत्र तबादले का खतरा मंडरा रहा है,साथ ही खदानों के बंद रहने से स्थानीय बाजार एवं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है,एचएमएस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बलरामपुर खदान को पुनः चालू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# आज रिलीज होगी प्रभास की 'द राजा साब'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब'को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब'को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब'के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। प्रभास स्टारर 'द राजा साब'9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लाइफ Style

# सारा

## लोकप्रियता में प्रभात-थलापति को पीछे छोड़ा

धुरंधर से सुर्खियों में आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ रही है। सारा ने अब लोकप्रियता के मामले में प्रभास और थलापति विजय जैसी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं, बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी धुरंधर की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलापति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है। आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है। आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है।



## हॉलीवुड मसाला



# समुद्री डाकू के किरदार में प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की नई हॉलीवुड फिल्म से उनका लुक सामने आया है। इस बार प्रियंका एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अब इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। अब एक बार फिर वो हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने वाली है। उनकी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' से उनका पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में प्रियंका के साथ कार्ल अर्बन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# तलाक के बाद ग्वेनेथ पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने अपनी निजी जिंदगी की वजह से अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नुकसान उठाया है। इसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं।



# 25 साल बाद भूत बंगला में अक्षय के साथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# स्मगलिंग रैकेट को खत्म करने खाई कसम

**मुंबई।** फिल्म 'हक' के बाद इमरान हाशमी अपनी नई सीरीज 'तस्करी- द स्मगलर्स वेब' के जरिए अपने फैंस को एक तोहफा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेकर्स ने 7 जनवरी को इसका ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में लुका-छुपी का खेल नजर आया है। इसमें तस्कर चीजों को छिपाना अपनी कला मानते हैं, वहीं इमरान हाशमी चीजों को ढूंढने में अपनी महारत समझते हैं। 2 मिनट 29 सेकेंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि इमरान हाशमी एक कस्टम अफसर हैं। उनको सस्पेंड कर दिया गया है। देश के जिम्मेदार देश में तस्करी रोकना चाहते हैं, इसलिए वह उन अधिकारियों की तलाश करते हैं जो ईमानदार हैं। ऐसे में इमरान हाशमी समेत तीन कस्टम ऑफिसर्स का सस्पेंशन रोका जाता है। इसके बाद ये लोग विलेन के रूप में नजर आए शरद केलकर को तस्करी से रोकते हैं।

## टीवी मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।

## नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी



(स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई। 52वें हफ्ते में इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। टीआरपी लिस्ट में इसे तीसरा स्थान मिला है।

# पुलिसकर्मियों के साथ सोनू ने गुनगुनाया घर कब आओगे गाना

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म





का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था। घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे और उन्होंने फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' गाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ यह गाना मंच से गुनगुनाया। इस दौरान मुंबई पुलिस के म्यूजिक बैंड ने संगीत पेश किया। फिल्म 'बॉर्डर 2', क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है।

# राजा शिवाजी से लेकर वी शांताराम और ईथा तक इस साल रिलीज होंगी ये बायोपिक फिल्में...

**नई दिल्ली।** इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इनमें रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से लेकर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जैसे सितारों से सजी कई अन्य दिग्गजों की बायोपिक फिल्में भी शामिल हैं। साल 2026 के शुरू होते ही फिल्मों की घोषणा और रिलीज डेट भी सामने आने लगी है। साल की शुरुआत ही बॉलीवुड फिल्म इक्कीस की रिलीज के साथ हुई। इसके अलावा साल के पहले ही महीने यानी जनवरी में ही कई फिल्में रिलीज होनी है। हर साल की तरह 2026 में भी अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।







**राजा शिवाजी** : मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में बन चुकी हैं। अब रितेश देशमुख एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक नई फिल्म बना रहे हैं। इसका नाम राजा शिवाजी है। पिछले दिनों रितेश ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में रितेश देशमुख न सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाएंगे, बल्कि फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी खुद ही किया है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। वहीं, फिल्म की कास्ट भी काफी बड़ी है। इसमें रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेंद्र जोशी सरीखे कलाकारों के नाम शामिल हैं। राजा शिवाजी 1 मई को रिलीज होनी है।

**वी. शांताराम** : दिग्गज फिल्म निर्माता वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। वो वी. शांताराम का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। फिल्म में वी. शांताराम के मूक फिल्म युग से लेकर रंगीन सिनेमा के आगमन तक के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन इसके इसी साल रिलीज होने की संभावना है।

**ईथा** : ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। फिल्म में श्रद्धा कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन छावा का निर्देशन करने वाले लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। रणदीप हुड्डा फिल्म में लीड एक्टर के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## एक बेहद खूबसूरत हीरोइन, आजीवन रही कुंवारी

# 53 साल की उम्र में की सगाई, फिर भी नहीं हो सकी शादी

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में पर्दे पर तो हमने कई प्रेम कहानियां देखी हैं। आम तौर पर इन कहानियों का अंत सुखद ही रहता है। लेकिन, इस चकाचौंध भरी दुनिया में कुछ प्रेम कहानियां ऐसी भी हुईं, जो अधूरी रह गईं। एक ऐसी ही प्रेम कहानी है तीन दशकों तक बॉलीवुड में अपनी अदाकारी और खूबसूरती से सबक दिल जीतने वाली नंदा की। उनका असली नाम नंदिनी कर्नाटकी था। 8 जनवरी 1939 को वह मराठी फिल्मों के दिग्गज डायरेक्टर-प्रोड्यूसर और एक्टर विनायक दामोदर कर्नाटकी के घर पैदा हुई थीं। नंदा को 30 साल से अधिक के कॅरियर में छोटी बहन, धूल का फूल, भाभी, काला बाजार, कानून, हम दोनों, जब जब फूल खिले, इत्तेफाक और प्रेम रोग जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ये कहानी है खूबसूरत नंदा और दिग्गज फिल्ममेकर मनमोहन देसाई की अधूरी प्रेम कहानी की। नंदा आजीवन अविवाहित रहीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, एक समय था जब मनमोहन देसाई उन पर जान छिड़कते थे। दोनों शादी करने वाले थे। लेकिन, इससे पहले कि यह प्यार आगे बढ़ता, मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*



### मास्टर विनायक की बेटी थीं

नंदा पैदा तो शो-बिजनेस परिवार में हुई थीं, लेकिन उनके पिता की 41 साल की उम्र में ही मृत्यु हो गई, तब वह महज 7 साल की थीं। वह नंदा के पिता मास्टर विनायक ही थे, जिन्होंने लता मंगेशकर को फिल्म इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया था। उनके निधन के बाद नंदा के परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह एक बाल कलाकार बन गईं और 1950 के दशक की शुरुआत में फिल्मों में डेब्यू किया, ताकि परिवार की मदद कर सके।

### पिता की मौत, 6 भाई बहनों की जिम्मेदारी

फिल्मों में काम करने की वजह से नंदा की पढ़ाई पर भी असर पड़ा। वह फिल्मों में काम करतीं, कमातीं और अपने छह भाई-बहनों का सहारा बनीं। नंदा जब अपने स्टारडम के चरम पर थीं, तब 1965 में 'जब जब फूल खिले' की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं। डायरेक्टर सूरज प्रकाश बताते हैं कि एक महाराष्ट्रीयन लेफ्टिनेंट कर्नल एक्ट्रेस पर फिदा थे। उन्होंने नंदा की मां को शादी का प्रपोजल भी भेजा।

### पत्नी की मौत के बाद अकेले हो गए

पत्नी की मौत के बाद मनमोहन देसाई एकबार फिर से अकेले हो गए। कुछ साल बाद यश जौहर ने नंदा और मनमोहन देसाई की शादी की बात चलानी शुरू की। लेकिन ,सबसे बड़ा सवाल था कि नंदा से बात कैसे की जाए? आखिरकार एक दिन यश जौहर ने नंदा की पक्की सहेली वहीदा रहमान के पास गए और उन्होंने मनमोहन देसाई के दिल का हाल बताया। शुरू में तो वहीदा रहमान ने मना कर दिया। लेकिन, फिर उन्होंने अपने घर पर एक लंच पार्टी रखी और उसमें नंदा को इनवाइट किया। यश जौहर और मनमोहन देसाई को भी बुलाया।

### फिर कभी नहीं की शादी

नंदा ने अपना बाकी जीवन मुंबई में अपने घर में गुजारा। वह परिवार और बहुत करीबी दोस्तों से ही मिलती थीं। फिल्म इंडस्ट्री से उनके करीबी दोस्तों में वहीदा रहमान, नरगिस, आशा पारेख, हेलेन, सायरा बानो, माला सिन्हा, साधना, शकीला और जबीन जलील थीं। 25 मार्च 2014 को 75 साल की उम्र में मुंबई के वर्सोवा स्थित अपने घर में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

***शादी से पहले दुर्घटना** : आखिरकार, बात बनी। साल 1992 में नंदा ने मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। मगर अफसोस, नंदा और मनमोहन देसाई शादी के बंधन में बंध पाते, उससे पहले ही साल 1994 में मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*

### नंदा और मनमोहन की अधूरी प्रेम कहानी

नंदा और मनमोहन देसाई की इश्क की दास्तान 1992 में शुरू हुई। वहीदा रहमान के कहने पर अधेड़ उम्र की नंदा ने डायरेक्टर मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। लेकिन, जल्द ही उनकी मौत हो गई। नंदा तब 53 साल की थीं और मनमोहन देसाई 55 साल के। वह 1994 में गिरगांव में अपने किराए के फ्लैट की छत से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस रेलिंग पर वह झुके हुए थे, वह टूट गई थी। इसके बाद नंदा अविवाहित ही रहीं।

### नंदा को बहुत पहले से बेहद पसंद करते थे देसाई

मनमोहन देसाई को बहुत पहले से ही नंदा को बहुत पसंद करते थीं। वह अक्सर एक्ट्रेस से मिलने और उनके पास जाने का बहाना ढूंढते थे। लेकिन, बात नहीं कर पाते थे। शशि कपूर जानते थे कि मनमोहन देसाई नंदा को बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने ये बात नंदा को भी बताई। नंदा को भी मनमोहन देसाई पसंद थे। लेकिन, वो अपनी तरफ से कोई पहल नहीं करना चाहती थीं।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न पदों पर नियुक्ति 15 तक

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने तथा हरित क्रांति की दिशा में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्रथम एवं एकमात्र शासन से अधिकृत सोलर वेंडर बीएसपीएल सोलर एनर्जी सॉल्यूशंस द्वारा जिले में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन 15 जनवरी निर्धारित की गई है।

### सोनहत में 17 महिलाओं की हुई सोनोग्राफी

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत 17 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी कराई गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अभियान की प्रभावी निगरानी के निर्देश देते हुए कहा है कि प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिले।

### स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8 जनवरी को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत पाराडोल स्थित प्राथमिक शाला में जल अर्पण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्य, जल बहिनियां, सदस्य, पंप ऑपरेटर, ग्रामीणजन काफी संख्या में स्कूली बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण जल के उपयोग तथा जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। पंप ऑपरेटरों ने जल आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े अनुभव साझा किए, जिससे ग्रामीणों को जल प्रबंधन की बेहतर समझ मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई जल संरक्षण विषयक रंगोली एवं जन-जागरूकता रैली रही। रंगोली के माध्यम से वर्षा जल संचयन, स्वच्छ जल एवं जल संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया गया।

### परेशान युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** फाइनेंस कराए ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धनगांव निवासी तनमय साना आ. मंगल साना (29 वर्ष) 6 जनवरी को फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने युवक को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## एसपी के पहल पर सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजन

# 115 चालकों का नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के मंसानुरूप पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्याम मधुकर के मार्गदर्शन में 1 से 31 जनवरी तक संचालित राष्टीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

इसमें राष्टीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर चलने वाले बस, ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप एवं ऑटो चालकों के आंखों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुरिमा पैकरा, नेत्र सहायक अधिकारी गणेश प्रसाद गौतम, वीरेन्द्र साहू, पुष्पेन्द्र पटेल के द्वारा किया गया। इसमें 115 वाहन चालकों के आंखों की जांच की गई। इसमें 13 वाहन चालकों की दूर दृष्टि व 14 वाहन चालकों की निकट दृष्टि कमजोर पाए गए एवं 2 चालको में रंग अंधता पाया गया, कमजोर नजर वाले चालकों को पावर का चश्मा बनवाने के बाद ही वाहन चालान की समझाइए दी गई।



वाहनों चालकों की हुई नेत्र परीक्षण।

गौरतलब है कि एक माह तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह में विविध प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, इसमें जागरूकता रथ के साथ बैनर, पोस्टर, पंपलेट के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक करने का कार्य यातायात विभाग द्वारा किया जा रहा है। उक्त नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक किशुन राम भगत, आरक्षक गौतम टेकाम, विश्वनाथ सिंह, हवलदार महेश मिश्रा एवं सैनिक राजेश साहू, पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना के राष्टीय सेवा योजना स्वयंसेवक संजीव राजवाड़े, कमलेश्वर यादव, गोलेश्वर राजवाड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विद्युत दुर्घटना प्रकरण में तीन आरोपियों को कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले के सोनहत क्षेत्र अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र सलगवां सोनहत के अधीन कटगोड़ी स्थित फीटर कैलाशपुर में 8 अक्टूबर 2016 को घटित गंभीर विद्युत दुर्घटना प्रकरण में न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है।

प्रकरण के अनुसार सुधार कार्य के दौरान ठेका मजदूर कांमता सिंह निवासी कसरा को आरोपी लाइनमैन एलीम मिंज एवं बाल साय द्वारा आवश्यक सुरक्षा मानकों एवं पूर्व सूचना का पालन किए बिना विद्युत खंभे पर चढ़ाकर कार्य कराया गया। इसी दौरान 8 अक्टूबर 2016 को शाम लगभग 5:30 बजे, 11 केवी सब-स्टेशन कैलाशपुर के ऑपरेटर विजेन्द्र राजवाड़े द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई। विद्युत प्रवाहित होने से कांमता सिंह करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह विद्युत खंभे से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में थाना सोनहत में मर्ग कायम कर जांच उपरांत अपराध क्रमांक 63/2018, धारा 304-अ, 34 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना में यह प्रमाणित हुआ कि लाइनमैनों द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य कराया गया तथा सब-स्टेशन ऑपरेटर द्वारा बिना सूचना के विद्युत आपूर्ति चालू की गई, जिसके कारण यह दुर्घटना घटित हुई। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य, गवाहों के कथन एवं सुरक्षा अभियंता श्री राठौर (अंबिकापुर) की रिपोर्ट के आधार पर तीनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाए गए। प्रकरण की विवेचना प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र तिवारी द्वारा की गई, जबकि अभियोजन की पैरवी एडीपीओ मनोज सिंह ने की।

विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय बैकुंठपुर में प्रस्तुत किया गया। श्रीमती प्रेरणा आहीरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैकुंठपुर द्वारा विचारण उपरांत 8 जनवरी 2026 को निर्णय पारित करते हुए तीनों आरोपियों को धारा 304-अ भादवि के अंतर्गत एक-एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 100-100 अर्थदंड से दंडित किया गया।

# गंभीर अपराधों में 9.5 प्रतिशत की गिरावट

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एमसीबी पुलिस ने एक और उपलब्धि दर्ज की है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के कुशल मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के सशक्त नेतृत्व में वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए गए अभियानों का सकारात्मक असर साफ तौर पर देखने को मिला है। जारी वार्षिक अपराध ऑकड़ों के अनुसार साल 2023 की तुलना में 2025 में कुल अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 2023 में कुल अपराध: 2251, 2025 में कुल अपराध 1525, यह गिरावट प्रभावी विवेचना, मजबूत बीट सिस्टम, सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। हत्या 2024 में 21 और 2025 में 14 मामले, हत्या का प्रयास 2023 में 15 और 2025 में 5 प्रकरण, सड़क दुर्घटनाओं में मौत: 106 से सीधे 87, पुलिस की तत्परता से ना सिर्फ अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित हुई बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए गए। नाकाबंदी, पेट्रोलिंग और आकस्मिक वाहन जांच से असामाजिक तत्वों में कानून का भय बढ़ा है। वर्ष 2025 में 21 पीड़ितों की 73,100 रूपए की राशि होल्ड कराई गई। 547 यातायात और साइबर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 66 हजार से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया, इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी और ऑनलाइन ठगी के मामलों में जागरूकता आ रही है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अपराध कम करना नहीं बल्कि आम जनता में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना है।




# कटकोना में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कटकोना।** जिले के कटकोना ग्राम में स्व.अंजनी कुमार मिश्र की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल खेल प्रेमियों को एकजुट किया, बल्कि स्व. मिश्र जी के योगदान और स्मृति को भी जीवंत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूनम झा रहीं, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश राम सब एरिया मैनेजर कटकोना ने की। इस अवसर पर खान प्रबंधक कटकोना एसएन चौबे , कार्मिक प्रबंधक जॉन डूंगडूंग, रविशंकर शर्मा, सरपंच शिप्रा नायक, उप सरपंच संजीत राय, पूर्व सरपंच लक्ष्मण नायक एवं बिरंची सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला मैच कटकोना और अंगापुटा के बीच खेला गया। 10 ओवर के रोमांचक मुकाबले में अंगापुटा ने 97 रन बनाए, जबकि कटकोना राइजिंग 95 रन ही बना पाई,अंगापुटा की टीम ने 2 रन से विजय प्राप्त की। खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों को उत्साहित किया और खेल भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नरेश सोनी, मुकेश गौतम, विकास शुक्ला, शिप्रा नायक, रीना विश्वकर्मा, पुष्पा सिंह, प्रतिमा नंदी, बृजनारायण मिश्रा, राहुल मिश्रा, दिनेश चक्रधारी, रूपचंद गुप्ता, शंकर सोनी, गोलू सोनी, कृष्णा दुबे, अशोक दुबे, सुनील विश्वकर्मा, अजय सिंह, सुरेश कुशवाहा, आफताब अंसारी, रमेश कुमार, रविन्द्र कुमार, अरविंद कुमार, भूपेन्द्र सिंह फिरंगी, प्राचार्य मिथिलेश गुप्ता, देवेन्द्र गौतम, राकेश चक्रधारी, अज्जू सेन, विक्की देवांगन, भोले देवांगन, विक्की सावरे, जय प्रकाश साहू, प्रदीप द्विवेदी, रमेश यादव, पवन यादव, ओमप्रकाश, शंभू कहार, संतोष कुमार सहित केशरीनंदन परिवार के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे।



# यातायात नियमों का पालन करने दी गई सीख

**मनेन्द्रगढ़।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ द्वारा एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत खेड़यिा तिराहे पर निःशुल्क आई टेस्ट (नेत्र परीक्षण) शिविर का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी आंखों की जांच कराई। नेत्र परीक्षण शिविर में युवाओं, बुजुर्गों एवं वाहन चालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई लोगों ने पहली बार अपनी आंखों की जांच करवाई और चिकित्सकीय परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि सुरक्षित वाहन चलाने के लिए आंखों की सही रोशनी होना अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस ने खेड़यिा तिराहे से गुजरने वाले दुपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। साथ ही बिना लाइसेंस, बिना बीमा और बिना दस्तावेज वाहन चलाने वालों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सिटी कोतवाली प्रभारी दीपेश सैनी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस प्रकार के जागरूकता शिविरों में भाग लें, अपनी आंखों का नियमित रूप से निःशुल्क परीक्षण कराएं और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। कोतवाली प्रभारी ने विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की।

# परसापानी में आयुष विभाग का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**बैकुण्ठपुर।** आयुष विभाग छग के निर्देशानुसार विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम परसापानी, जगतपुर, दुर्गापुर, उमझर में वयोमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य वातरोगों जैसे ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मांसपेशीय रोगों की रोकथाम व उपचार के साथ-साथ आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर के दौरान नागरिकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप, शुगर की जांच सहित विभिन्न रोगों का ऑकलन किया गया, इसके साथ ही निःशुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया तथा योग, जीवनशैली एवं मौसम अनुरूप आहार-विहार के माध्यम से रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। विशेष रूप से वृद्धजन को बढ़ती आयु में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 105 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयुष विभाग ने बताया कि भविष्य में इस तरह के शिविरों का आयोजन और व्यापक स्तर पर किया जाएगा तथा वयोमित्र कार्यक्रम का विस्तार कर अधिक से अधिक लोगों तक आयुष सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जगत नारायण मिश्रा, डॉ. अंजली, फार्मासिस्ट युवराज सिन्हा एवं योग सहायक कृष्णा राजवाड़े द्वारा किया गया।

### जांच में 26 सौ क्विंटल धान गायब, राइस मिल सील

**अम्बिकापुर।** धान उठाव के दौरान राइस मिल संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की पुष्टि हुई है। संचालक ने 2 हजार 600 क्विंटल धान की हेराफेरी कर दी ऐसे में जांच उपरान्त अधिकारियों ने राइस मिल को सील कर दिया है। बता दें कि जिले में धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में लखनपुर स्थित जगदंबा राइस मिल में की गई जांच के दौरान धान के भौतिक उठाव में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर लखनपुर तहसीलदार अंकिता पटेल, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक के संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि राइस मिल द्वारा अभिलेखों में कुल 13 हजार 480 क्विंटल धान उठाव दर्शाया गया था जबकि मौके पर किए गए भौतिक सत्यापन में केवल 10 हजार 880 क्विंटल धान ही उपलब्ध पाया गया। इस प्रकार कुल 2 हजार 600 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विपरीत है।

# उपभोक्ताओं के साथ बढ़े विद्युत पावर स्टेशन

**बैकुण्ठपुर।** छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अंतर्गत अंबिकापुर क्षेत्र में शामिल कोरिया जिले में बीते 25 वर्षों के दौरान विद्युत अधोसंरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। निरंतर और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति के चलते जिले में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है।

वर्ष 2000 में जब वर्तमान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला भी कोरिया जिले में शामिल था, तब जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 6228 वर्ग किलोमीटर था। सितंबर 2022 में नए जिले के गठन के बाद कोरिया का क्षेत्रफल घटकर 2002 वर्ग किमी रह गया, इसके बावजूद बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल विद्युत उपभोक्ता (एलटी एवं एचटी) वर्ष 2000 में 25,922 थे, जो बढ़कर 94,065 हो गए हैं। निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या 11,617 से बढ़कर 48,965 हो गई है। इनमें बीपीएल कनेक्शन 4,354 से बढ़कर 21,026, घरेलू कनेक्शन 9,776 से बढ़कर 21,425 तथा सिंचाई पंप कनेक्शन 157 से बढ़कर 2,634 हो गए हैं। इस प्रकार 25 वर्षों में कुल विद्युत उपभोक्ताओं में लगभग 362 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बढ़ती मांग को देखते हुए छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत पारेषण एवं वितरण अधोसंरचना का व्यापक विस्तार किया गया है। इस अवधि में जिले में 132/33 केवी उपकेन्द्रों की संख्या शून्य से बढ़कर 1, 33/11 केवी उपकेन्द्रों की संख्या 2 से बढ़कर 10 तथा पावर ट्रांसफार्मरों की संख्या 3 से बढ़कर 15 हो गई है। वहीं वितरण ट्रांसफार्मर 338 से बढ़कर 1,988 तक पहुंच गए हैं, इसके साथ ही उच्चदाब लाइनों की लंबाई 897 किमी से बढ़कर 2,072 किमी और निम्नदाब लाइनों की लंबाई 449 किमी से बढ़कर 2,636 किमी हो गई है। सिंचाई पंपों की संख्या में 16 गुना वृद्धि हुई है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 5 वितरण केन्द्रों का निर्माण कर 45,675 उपभोक्ताओं को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है।

शोक संदेश



भावभीनी श्रद्धांजली
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिताश्री **श्री सत्यनारायण जायसवाल जी** का आकास्मिक निधन दिनांक 28.12.2025 दिन रविवार को हो गया है कृपया शोक कार्यकम में शामिल होकर मृतात्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।
कार्यक्रम
दिनांक 10.01.2026 दिन शनिवार
चंदन पान एवं शांति भोज
शोकाकुल- श्रीमती शिवरत देवी (पत्नी) संत कुमार जायसवाल (पुत्र) अशोक कुमार जायसवाल (पुत्र) राजेश कुमार जायसवाल (पुत्र) धीरज जायसवाल (पुत्र) डॉ. प्रिंस जायसवाल (पोता) एवं समस्त शोकाकुल परिवार
कार्यक्रम स्थल- निज निवास सकरिया पो-पोंड़ी (बचरा) जिला-कोरिया (छ.ग.)

### मिनी ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर गुरुवार की दोपहर ग्राम संजयनगर स्थित पिलखा ढाबा के सामने सड़क हादसा में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,गौरतलब है कि अंबिकापुर निवासी 18 वर्षीय अर्जुन रावत अपने हमउम्र परिचित रुद्रांश जायसवाल के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीवाई 3008 में अंबिकापुर की ओर जा रहा था,इसी दौरान अंबिकापुर से बिश्रामपुर की तरफ़ तेज रफ्तार में आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईएच 8857 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मिनी ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी,टक्कर लगते ही स्कूटी सड़क पर दूर जा गिरी और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे,आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंच घायलों को संभालने में जुट गए,बताया जा रहा है कि हादसे में रुद्रांश जायसवाल को अंदरूनी चोटें आई हैं, लेकिन 18 वर्षीय अर्जुन रावत के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को तत्काल अंबिकापुर अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लोगों का कहना है कि पिलखा ढाबा के पास मोड में शेड की वजह से एनएच पर वाहन चालकों को होने वाले दिक्कत के मद्देनजर गत दिनों स्थानीय लोगों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही की मांग की थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जीरामजी जनजागरण ...

बताया कि विकसित भारत जीरामजी बिल के राज्य स्तर पर क्रियान्वयन की रूपरेखा स्पष्ट होगी। यह योजना न केवल रोजगार बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई गति प्रदान करेगी। भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश विकसित भारत के सपने में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे हर गांव समृद्ध और हर हाथ को काम मिलेगा। यह कदम ग्रामीण जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और देश को 2047 तक विकसित राष्ट बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा।

### मोबाइल से ऑनलाइन ...

**फर्जी कॉल की लगातार शिकायतें-** छग टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि निजी मोबाइल में शिक्षकों के उपस्थिति के लिए व्हीएसके एप इंस्टाल करने के बाद अनेक शिक्षक साईबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। निजी मोबाइल में उक्त एप के कारण फर्जी डिपीआई, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर शिक्षकों के पास फोन आने की शिकायते लगातार मिल रही है। ऐसे में निजी मोबाइल पर शासकीय एप का दबाव शिक्षकों को अधिक वित्तीय एवं मानसिक जोखिम में डाल रहा है। **बड़ी संख्या में शिक्षकों ने नहीं किया रजिस्ट्रेशन-**सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षकों के मोबाइल एप से उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सीजी व्हीएसके एप को इंस्टाल कर उसमें रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके माध्यम से अपना उपस्थिति सुनिश्चित किया गया है, लेकिन जनवरी का एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जिले में बड़ी संख्या में शिक्षक उक्त एप में रजिस्टेशन नहीं किए हैं, इससे साफ पता चलता है कि शिक्षकों के द्वारा मोबाइल से उपस्थित दर्ज नहीं कर रहे हैं। **शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति होगी दर्ज -** जानकारी के अनुसार सीजी व्हीएसके एप में शिक्षकों के रजिस्टर्ड होने के बाद मोबाइल से ही उपस्थिति दर्ज करना है, इसके लिए स्कूल परिसर में पहुंचने के बाद चेक इन एवं विद्यालय के छुट्टी होने के बाद चेक आउट होना है, इससे शिक्षकों के विद्यालय आने एवं जाने का समय रिकार्ड हो जाएगा। इसके अलावा उसी एप से शिक्षक अपने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के बच्चों की उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे, लेकिन छग टीचर्स एसोसिएशन द्वारा अपने तर्क देकर मोबाइल से उपस्थिति लेने पर आपत्ति दर्ज की है। वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा यह जानकारी मांगी जा रही है कि कितने शिक्षकों के द्वारा व्हीएसके एप में अपना

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशन ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411